## खबर संक्षेप



### अवैध रूप से भंडारित धान, गेहूँ एवं कोदो जब्त

**कटनी।** गोदामों में अवैध रूप से भंडारित धान के भौतिक सत्यापन करने के संबंध में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में संयुक्तभ जांच दल ने ग्राम भुड़सा में औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से भंडारित धान, गेहूँ एवं कोदो जब्ते किया। कलेक्टबर श्री तिवारी के निर्देश पर गठित खाद्य, राजस्वश एवं कृषि उपज मंडी के संयुक्त जांच दल ने ग्राम भुड़सा में अभिषेक किराना एवं जनरल स्टो र की जांच की। इस दौरान दुकान के भीतर गोदाम में 1100 बोरी धान, 1565 बोरी गेहूँ एवं 130 बोरी कोदो का भंडारण पाया गया। इस भंडारित अनाज के संबंध में कोई दुकान संचालक द्वारा कोई भी वैध दस्तागवेज और अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसलिये इसे जब्तद कर इसकी निकासी पर रोक लगाते हुये संचालक के सुपुर्द नामे में सौंपा गया।

### प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह का कटनी आगमन आज

**कटनी।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह शनिवार 13 दिसम्बर को कटनी के प्रवास पर रहेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह लोलरी से सुबह 9:30 बजे कार द्वारा कटनी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिंह दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कटनी के सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री सिहं दोपहर 2:30 बजे कार द्वारा कटनी से नरसिंहपुर के गाडरवारा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### सांसद खेल महोत्सव का फाइनल आज होगा

**कटनी।** विगत 25 नवंबर से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का मुड़वारा तथा विजयराघवगढ़ विधानसभा स्तरीय समापन (जिला स्तरीय फाइनल) आज शनिवार 13 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। मुड़वारा में कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे एसीसी (कैल्डरीज़) खेल मैदान, माधव नगर कटनी में संपन्न होगा। विजयराघवगढ़ में सुबह 10.30 बजे डीएवी स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम होगा। जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने बताया कि कटनी मुड़वारा समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विष्णुदत्त शर्मा तथा प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह होंगे। कार्यक्रम में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी तथा नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसी तरह विजयराघवगढ़ विधानसभा स्तरीय समापन (जिला स्तरीय फाइनल ) 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे DAV स्कूल प्रांगण कैमोर में संपन्न होगा।

### साल की अंतिम नेशनल लोक अदालत आज

**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को किया जा रहा है। लोक अदालत में आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, भू-अर्जन मामले, सेवा संबंधी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर राजीनामा योग्य प्रकरणो एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौते के आधार पर निराकरण होगा।

**शिकायत एवं मांग पर नहीं दिया जा रहा ध्यान, बारिश के दिनों में होती है मुसीबत**

# अव्यवस्था की मार : मुक्तिधाम में न शेड है न छाया, खुले में करना पड़ रहा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान के कुदवारी मोहल्ले में स्थित मुक्तिधाम की बदहाल स्थिति लोगों के लिए लगातार परेशानी का कारण बनी हुई है। मुक्तिधाम में मूलभूत सुविधाएँ न होने से अंतिम संस्कार के समय परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां न टीन शेड है, न पक्की चिता स्थल है, न छाया की व्यवस्था, न पेयजल और न ही शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएँ हैं। मुक्तिधाम तक पहुंचने का मार्ग भी कच्चा और उबड़-खाबड़ है, जिससे शव यात्रा के दौरान परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कुदवारी मोहल्ले के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में मुक्तिधाम के नाम पर सिर्फ एक खाली स्थान चिन्हित है। जहां न नियमित सफाई होती है और न ही रखरखाव किया जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक सैकड़ों सालों से इसी स्थान पर अंतिम संस्कार किए जाते रहे हैं, लेकिन आज तक इसे विकसित करने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया। बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण स्थिति और भी विकट हो जाती है।

लोगों का कहना है कि मुक्तिधाम पूरी तरह खुले मैदान जैसा है, जिसके चलते अंतिम संस्कार के बाद अस्थियाँ भी सुरक्षित नहीं रह पाती। कई बार कुत्ते राख से हड्डियां तक निकाल ले जाते हैं, जिससे परिजन मानसिक रूप से आहत होते हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव में अन्य स्थानों पर बने मुक्तिधाम भी व्यवस्थित नहीं हैं, जबकि सरकार द्वारा सुव्यवस्थित मुक्तिधाम निर्माण पर लगातार जोर दिया जा रहा है।





### खुले में हुआ अंतिम संस्कार

कुदवारी मोहल्ले में चार दिन पूर्व एक बुजुर्ग महिला का निधन हो गया। जब उनका अंतिम संस्कार करने परिजन मुक्तिधाम पहुंचे तो उन्हें फिर खुले में ही संस्कार करना पड़ा। उपस्थित लोगों को भी खुले में बैठकर इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि यहां हमेशा ही बिना किसी व्यवस्था के अंतिम संस्कार होते हैं और बारिश के दिनों में तो लोगों को पानी थमने का इंतजार करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पंचायत के जिम्मेदारों को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस गंभीर विषय पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे।

### इनका कहना है

इस संबंध में सीईओ जनपद ढीमरखेड़ा यजुवेंद्र कोरी का कहना है कि अब तक मुक्तिधाम का निर्माण कार्य क्यों नहीं कराया गया है। पंचायत से इसकी जानकारी ली जाएगी। ग्रामीणों की आवश्यकता अनुसार मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाएगा।



# दिव्यांग पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट, किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इटोरा में एक बेटे ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। मृतक विष्णु उर्फ बिच्छू कोल 61 का शव उनके घर की परछी में खून से सना मिला। घटना की सूचना सुबह लगभग 8 बजे मिली, हालांकि हत्या बुधवार रात में की गई थी।

### हत्या के बाद हुआ फरार

थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि यह वारदात पारिवारिक विवाद के कारण हुई। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पिता की मौत के बाद से लापता था बेटा सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वारदात के बाद से मृतक का बेटा संजय कोल लापता था, जिस कारण पुलिस को उस पर हत्या का संदेह हुआ।

### पुलिस ने पकड़ा

जानकारी के अनुसार मृतक विष्णु कोल अपने चौथे बेटे संजय कोल के साथ रहते थे जो पैर से दिव्यांग है। संजय की पत्नी और बेटी भी उनके साथ ही रहती थीं। पिता और बेटा के बीच अक्सर विवाद होता रहता था जिससे संजय परेशान था। घटना के समय संजय कोल को छोड़कर मृतक के अन्य पांच बेटे और दो बेटियां मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे। थाना प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने बताया कि संजय कोल की तलाश की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# ट्रक के पहियों के नीचे आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मित्तल मॉल के सामने सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक BR 07 GK 1346 ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही माधवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को जिला अस्पताल भिजवाकर पंचनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे के बाद इलाके में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है

जानकारी अनुसार स्लीमनाबाद तेवरी निवासी 47 वर्षीय संजो बाई पति लक्ष्मण विश्वकर्मा अपने बेटे के साथ दो पहिया वाहन में सवार होकर कटनी इलाज कराने के लिए आई थी। दोपहर लगभग 2:00 बजे जब वह अपने बेटे के साथ बाइक से जा रही थी इस दौरान मित्तल मॉल के सामने ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई और मां बेटे बाइक से नीचे गिर गए। बेटा तो बच गया लेकिन ट्रक का पहिया महिला के सिर के ऊपर से होकर गुजर गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

### शिक्षकों का वेतन रोकना अन्याय पूर्ण कार्यवाही, एप से हाजिरी लगाना किया जाये बंद, लिखा पत्र

**स्लीमनाबाद।** शिक्षकों की विद्यालय में उपस्थिति हेतु लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा निर्देशित एक मोबाइल ऐप के द्वारा अनिवार्यतः व्यवस्था की गई है । इसी ऐप के प्रमाणीकरण के आधार पर शिक्षक को उपस्थित अथवा अनुपस्थित मानते हुए उनके वेतन का भुगतान किए जाने की कार्यवाही की जा रही है ।

इस व्यवस्था को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र से अवगत कराया है कि संचालनालय द्वारा अनिवार्यतः लागू इस ऐप में अनेकों कठिनाइयों होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उचित नेटवर्क की गहरी समस्या के साथ सामान्य स्तर के मोबाइल से यह ऐप डाउनलोड ही नहीं हो पता है तथा शिक्षक लॉगिन भी नहीं हो पता है यद्यपि की भौतिक स्तर पर संपूर्ण प्रदेश के शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर अपना दायित्व निर्वहित करते हैं । शिक्षक का वैसे भी स्वभाव एवं गुणधर्म सत्य समर्पण के साथ प्रमाणिकता का होता है । ऐसे शिक्षकों की विद्यालय में वास्तविक उपस्थिति को न मानते हुए तकनीकी यंत्र का भरोसा मानते हुए इन पर शंका करना और वेतन रोकना निहायत अन्याय पूर्ण कार्यवाही है ।

प्रांत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि शिक्षकों के साथ उनकी लाडली बहन रूपी शिक्षिकाओं का वेतन रोके जाने से उनके समक्ष वृहद संकट उत्पन्न हुआ है । मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि लागू किए गए इस ऐप को तत्काल समाप्त करते हुए शिक्षकों का वेतन जारी करावे।

### 90 हजार रूपए से अधिक की अवैध शराब जब्त, 6 प्रकरण दर्ज



आबकारी विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को वृत्त कटनी क्रमांक 03क्षेत्रांतर्गत ग्राम टेढ़ी, मानपुर, थरका टैंक में दविश दी गई। कार्रवाई के दौरान 20 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं प्लास्टिक के गुम्मो में लगभग 945 किलोग्राम महुआ लाहन जब्तु की गई। जब्तर शराब और महुआ लाहन की अनुमानित कीमत 97 हज़ार 500 रुपए है। जब्त महुआ लाहन का सेंपल लेकर शेष महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क एवं च के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े, वृत कटनी क्रमांक 03 प्रभारी, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आँचल प्रजापति एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# महिलाओं को दिया गया कृषि उद्यमी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु के मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से विकासखंड विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत धनवाही में गरीबी रेखा के नीचे आने वाली स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को ग्राम पंचायत भवन में कृषिउद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों से लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी के अंतर्गत जलवायु, भूमि के प्रकार, पोषक तत्व, मिट्टी परीक्षण, जैविक खाद एवं कीटनाशक, जैविक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण, खाद्यान्न, दलहन, तिलहन एवं सब्जी फसलों, सिंचाई के अंतर्गत स्प्रिंकलर टपक सिंचाई, शुष्क भूमि, कृषि तकनीकी, लघु एवं सीमांत कृषकों के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली औषधीय एवं सुगंधित तथा फूल वाले पौधे पशुपालन पादप प्रसार तकनीक के अंतर्गत ग्राफ्टिंग बडिंग लेयरिंग नर्सरी प्रबंधन एवं कृषि से संबंधित जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में जैविक खेती की आवश्यकता, भूमि, मानव एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान, रासायनिक खाद से नुकसान एवं जैविक खेती के फायदे तथा जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र, नीम पत्ती, पांच पत्ती काढ़ा, नीम ब्रह्मास्त्र तथा आग्नेयास्त्र आदि कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग की जानकारी एवं मूल्यांकन परीक्षा रामसुख दुबे द्वारा किया गया। साथ ही बैंकिंग से संबंधित मूल्यांकन आनंद सिंह जबलपुर द्वारा किया गया।

*कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूलों में पहुंचा प्राध्यापकों का दल*

# विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया एवं योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शासकीय महाविद्यालयों मै शिक्षण सत्र 2026-27 मे विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के द्वारा गुरुवार से कॉलेज चलो अभियान 2026 प्रारंभ कर दिया गया। अभियान के तहत महाविद्यालय की ओर से प्राध्यापक आशुतोष सोनी, सत्येंद्र सोनी व डॉ बीरेंद्र सिंह सहित अन्य महाविद्यालय स्टॉफ के द्वारा स्लीमनाबाद के शासकीय व अशासकीय हायरसेकेण्डरी स्कूलों मै पहुँचा।जहां प्राध्यापक दल ने विद्यालय के विद्यार्थियो को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी।महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्य मंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एससी/एसटी,ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियो को अवगत कराया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थियो को अवगत कराते हुए उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। महाविद्यालय में उपलब्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की अध्ययन की सुविधा, व्यक्तित्व विकास योजनाएं, एनसीसी, एनएसएस कौशल विकास की जानकारी, प्लेसमेंट की जानकारी, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी, कैरियर अवसर मेला, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकरी एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा दी गईं।वही स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में भी विद्यार्थियो को अवगत कराया।

प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने बताया कि कॉलेज चलो अभियान का पहला चरण शुरू हो गया है, जो 5 जनवरी 2026 तक चलेगा। महाविद्यालय की टीम द्वारा विद्यालयों का भ्रमण किया जाएगा।

**स्वीकृत प्रकरणों पर शीघ्र ऋण वितरित करने बैंकों को निर्देश**

# कम प्रगति पर जताई नाराजगी, गंभीरता से दायित्व पालन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सभी विभाग अधिक से अधिक प्रकरण बैंकों की ओर प्रेगषित करें और सभी बैंक अगली तिमाही की बैठक से पूर्व लक्ष्य अनुसार ऋण वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही समय-समय पर अनुदान की राशि क्लेम करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक में दिये।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर,नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार, सहायक महाप्रबंधक रिजर्वबैंक, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड विकास जैन, अग्रणी जिला प्रबंधक एम किण्डो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंकर्स एवं बीमा कंपनी के ब्रांच मैनेजर की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये शासन द्वारा प्रदाय लक्ष्यों में पिछड़ने वाली बैंकों से स्थिति में तुरंत सुधार के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान बैंक शाखाओं द्वारा ऋण स्वीकृत होने के बावजूद वितरित नहीं किये जाने पर कलेक्टार ने नाराजगी व्यक्त करते हुये बैंको को, स्वीयकृत प्रकरणों में शीघ्र ऋण वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टरर श्री तिवारी ने बैंकों को उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के वितरित प्रकरणों की अनुदान राशि क्लेम किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही निगमायुक्ति सुश्री परिहार को पीएम स्वनिधि के लक्ष्यों के अनुरूप लक्ष्यपूर्ति करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में उद्यानिकी विभाग से किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी के उपस्थित न होने पर नाराजगी जाहिर की।

कलेक्टर ने बैंको से संपर्क न करने और संतोषजनक प्रगति न होने पर मत्यी ए विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुये आगामी एक सप्ताह में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही कोऑपरेटिव बैंक को मत्स्य विभाग के स्वीकृत प्रकरणों पर शीघ्र ऋण वितरित करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टनर श्री तिवारी ने पशुपालन विभाग को अधिक से अधिक केसीसी प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सभी बैंकों को अपने-अपने ब्रांच में पेंडिंग केसीसी प्रकरणों को जल्द से जल्द स्वीकृत कर ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंत्यावसायी एवं अनुसूचित जाति जनजाति विभाग को और अधिक संख्या में बैंकों को ऋण प्रकरण प्रेषित करने के निर्देश दिये।


बैठक में अनुपस्थित बैंकर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने अग्रणी जिला प्रबंधक श्री किण्डों अगली बैठक में अद्यतन प्रगति के साथ सभी बैंकर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# कलेक्टर की पहल से कर्नाटक में फंसे आठ श्रमिकों की आज होगी वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कर्नाटक के बेलगाम जिले में फंसे ग्राम सिघनपुरी के 8 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के प्रयास रंग लाए, जिसकी बदौलत श्रमिकों की सकुशल घर वापसी होने जा रही है। ग्राम सिघनपुरी तक यह खबर पहुंचने के बाद श्रमिकों के परिजनों में खुशी का माहौल हैऔर वे अपनें परिजनों से मिलनें व्यग्र और आतुर हैं। जिला श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा ने बताया कि सभी 8 श्रमिक शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे भुसावल पहुंचेंगे। इसके बाद शाम 6.50 बजे पवन एक्सप्रेस से कटनी आयेंगे। अगर ट्रेन सही समय पर रही तो सभी श्रमिक शनिवार प्रातः करीब 4-5 बजे के बीच कटनी पहुंचेंगे। बताते चलें गुरूवार 11 दिसम्बर को ग्राम सिघनपुरी निवासी किशोर कोल ने कलेक्टर श्री तिवारी को आवेदन देते हुये बताया कि उसके परिजनों को एक ठेकेदार गन्ना कटाई के लिए महाराष्ट्र ले गया था, लेकिन वे वर्तमान में कर्नाटक के बेलगाम जिले के नित्तूर गाँव में फंसे हुए हैं। किशोर ने यह भी बताया कि संबंधित ठेकेदार श्रमिकों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है और उन्हें उनकी मजदूरी की राशि भी नहीं दी जा रही है, जिसके कारण सभी श्रमिक वापस अपने गाँव लौटना चाहते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए, कलेक्टर श्री तिवारी ने तत्काल बेलगाम जिला प्रशासन से संपर्क किया और सभी 8 श्रमिकों को सुरक्षित उनके गृह ग्राम भेजने का अनुरोध किया।जिस पर बेलगाम जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गुरुवार देर रात ही सभी 8 श्रमिकों को ट्रेन के माध्यम से वापस कटनी के लिए रवाना कर दिया।

**खबर संक्षेप**



## खनिज विभाग ने दो वाहनों को किया जब्त

**कटनी।** अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में खनिज अमले द्वारा शहर के बाहरी बाईपास रास्तों पर अवैध और बिना अभिलेख के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई जांच में स्लीमनाबाद-कटनी के बीच एक ट्रक नंबर एम पी 20एच बी 6383 मार्बल ब्लॉक और एक ट्रक नंबर आर जे 14 जी एच 7554 गिट्टी का बिना विधिक दस्तावेजों के साथ परिवहन करते पाए जाने पर अवैध परिवहन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया और दोनों ट्रकों को जब्त कर पुलिस थाना स्लीमनाबाद में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। खनिज अमले द्वारा ढीमरखेड़ा स्थित खदानों का भी निरीक्षण किया गया। कार्यवाही के दौरान उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित और सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते मय अमले के उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री करेंगे विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा

**कटनी।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिंह नगर निगम, उद्योग विभाग, खनिज संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जल निगम, पीएचई, लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, एनएचएआई, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन, नर्मदा घाटी प्राधिकरण, ब्रिज कॉर्पोरेशन, उर्जा विभाग,प चायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकासएवंराजस्व विभाग द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं, जनकल्याण कार्यक्रमों एवं निर्माण व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में एजेण्डावार अद्यतन जानकारी के साथ नियत समय के पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

## गंदगी के बीच किया जा रहा था निर्माण

**कटनी।** खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य एवं दुग्ध विक्रय संस्थानों की सघन जांच करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में गठित उड़नदस्ता दल ने जिले के इंडस्ट्रियल एरिया लमतरा स्थित 2 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, आदि फूड प्रोडक्ट्स की फैक्ट्री में गंदगी के बीच अस्वच्छ परिस्थिति में ब्रेड टोस्ट, फ्राईमस का निर्माण एवं विक्रय करते पाया गया। मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारयों द्वारा ब्रेड एवं मैदा के सैंपल जांच हेतु लिए गए है। साथ ही लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन पाए जाने से फर्म का लाइसेंस सस्पेंड करने हेतु अनुशंसा की जा रही है। इसी प्रकार जांच टीम के द्वारा मैदा मिल यूनियन एग्रो लमतरा का निरीक्षण किया गया। यहां से मैदा एवं सूजी का नमूना जांच हेतु लिया गया है। सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिये गये हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यशाला का आयोजन

**विजयराघवगढ़।** शासकीय मॉडल हाई स्कूल में मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष में बाल विवाह की प्रथा को खत्म करने के लिए प्रारम्भ किये गए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों एवं उनसे सबंधित अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन कर लैंगिक अपराधों से बालिकाओं के संरक्षण अधिनियम 2012, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष अधिकारों वनस्टाप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सहायता नं. 112 की जानकारी प्रदान की गई।

### धान उपार्जन केन्द्रों एवं आधार अपडेशन केन्द्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# कलेक्टर ने तौल कांटे के सत्यापन की देखी सील, किसानों से संवाद कर ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को विकासखंड बड़वारा के स्कूाल, आधार केन्द्रस एवं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये अधिकारियों को आवश्यबक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ताा, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, कनिष्ठज आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी, तहसीलदार बरही, रमसा के एडीपीसी अभय जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टरर श्री तिवारी ने शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय पिपरिया कलापहुंचकर वहां की शैक्षणिक व्यवस्थाूओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर कक्षा 11वीं के कला संकाय में पहुंचे और बच्चों से महासागर और ज्वार भाटा के आने के कारणों के बारे में पूछा। कलेक्टर ने आज हुये अंग्रेजी के प्रश्नव पत्र में आये सवालों के संबंध में भी जानकारी बच्चों से जानकारी ली। साथ ही उन्होंरने छात्रों से खूब मेहनत कर परिश्रम के साथ पूरी लगन से पढ़ाई करने की सीख दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्कूतल के प्राचार्य



विनोद विश्वंकर्मा को स्कूल की पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार करने की हिदायत दी।

### आधार कैंप का निरीक्षण

कलेक्टर श्री तिवारी ने ग्राम पंचायत भवन पिपरिया कला में शुक्रवार से 22 दिसंबर तक लगने वाले आधार कैंप का अवलोकन किया। जिसके लिये यहां पर्याप्त भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान कलेक्टर ने आधार कैंप में अपडेशन कार्य कराने पहुंची महिलाओं से संवाद कर कैंप आयोजित होने के संबंध में जानकारी ली। जिस पर महिलाओं द्वारा बताया गया कि कैंप आयोजन की स्कूल से मुनादी कराये जाने के कारण अधिक से अधिक लोगों को इस कैंप का लाभ प्राप्ता हो रहा है। कलेक्टर द्वारा कैंप की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी चाहे जाने पर उपस्थित महिलाओं द्वारा संतोष जाहिर किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा निरीक्षण के दौरान कैंप में उपस्थित बच्चों से उनकी शिक्षा एवं मध्याान्ह भोजन में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता के संबंध में भी जानकारी लिये जाने पर बच्चोंू द्वारा अच्छा एवं स्वादिष्ट भोजन मिलने की बात कही गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने 20 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन पिपर्या कला के पंचायत भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी गुणवत्ता के साथ शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

### उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण

कलेक्टर पिपरिया कला के प्रतिष्ठा वेयर हाउस में बने गोदाम स्तेरीय खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तौल कांटे के सत्याापन की नापतौल विभाग की सील को देखा। यहां कलेक्टर ने बढ़ाकर तीन तौल कांटे लगाने की हिदायत दी। बताया गया कि यहां 150 स्लॉट बुक है और 21 किसानों ने अब तक धान की बिक्री की है। कलेक्टर ने गांव गढोहा से धान बेचने आये किसान भरत लोहार से संवाद किया। उन्होंने देखा कि खरीदे गये बारदानों में स्टेंसिल एवं टैग लगा है या नहीं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को उनकी उपज का भुगतान निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने केंद्र में रखे धान की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था एवं भंडारण की स्थिति की भी बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रक में रामजानकी स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित धान उपार्जन केन्द्रत का भी निरीक्षण किया।



# श्रमदान कर किया नदी पर बोरी बँधान का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जल का संरक्षण व संवर्धन करने जन अभियान परिषद के द्वारा जल संचय अभियान शुरू कर दिया गया है। बहोरीबंद के बाकल सेक्टर ग्राम खुर्शी पतने नदी पर बोरी बँधान कार्य किया गया। उक्त कार्यक्रम नवांकुर संस्था जनकल्याण सेवा समिति पटना मढ़ाया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पिपरिया एवं मंगेला के द्वारा संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह द्वारा बोरी बँधान कार्य की सराहना की व उसके महत्व की जानकारी दी।

विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि जल प्रकृति की अनमोल संपदा है, इसे संरक्षित करना हम सभी का दायित्व है!जल संरक्षण के कार्य जनसहयोग से निरंतर जारी रखना चाहिए साथ ही जल संरक्षण के विषयों पर विस्तृत जानकारियां दी गई। साथ ही नदी में जलसंरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य किया गया ताकि जल का अपव्यय न हो और जल संरक्षण हो सके। ऐसे प्रयास न केवल जल संकट से राहत दिला सकते हैं बल्कि भविष्य में पीने के पानी की उपलब्धता को भी सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि नाले पर बोरी बंधान के माध्यम से पानी संरक्षित करेंगे। ग्रामीणों को इस कार्य के माध्यम से जल प्रबंधन के अन्य उपायों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।जल संरक्षण हेतु हैंडपंप नाली एवं नालों में ज्यादा से ज्यादा बरसात का पानी बह जाता है उसके लिए सोक पिट एवं कुछ जगहों मे बोरी बंधान कार्य करने प्रेरित किया गया ओर बोरी बंधान के फायदे बतलाये।

### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, करीब 7 लाख पृष्ठों की स्कैनिंग

# राजस्व अभिलेखों को आधुनिक एवं डिजिटाइज्ड करने तेजी से हो रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार को पूरी तरह से आधुनिक बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने भू-अभिलेख शाखा पहुंचकर भू-अभिलेख रिकॉर्डों के पुराने दस्तावेजों के स्कैनिंग कार्य का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके भी मौजूद रहीं। राजस्व अभिलेखागार के शत-प्रतिशत डिटिटाइज्ड होने के बाद राजस्व रिकॉर्ड के आकांक्षी व्यक्तियों को राजस्व रिकार्ड प्राप्त करने में सरलता एवं सुगमता होगी। अभी तक खसरा पंचशाला, नामांतरण



पंजी, मिसिल निस्तार पत्रक, रिनंबरिंग सूची आदि दस्तावेजों के करीब 7 लाख पृष्ठों की स्कैनिंग की जा चुकी है। इस कार्य हेतु वेंडर के 30 कर्मचारियों सहित राजस्व अमले से प्रत्येक तहसील से प्रतिदिवस 5 पटवारी एवं एक सहायक नोडल कर्मचारी सहित भू-अभिलेख शाखा के 15 अधिकारी एवं कर्मचारी अभिलेखों के स्कैनिंग कार्य को मिलकर संपादित कर रहें हैं।

राजस्व अभिलेखों का स्कैनिंग कार्य कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 93, भू-अभिलेख शाखा में किया जा रहा है। यहां राजस्व अभिलेखागार से भू-अभिलेखों को पहले लाया जाता है। इसके स्कैनिंग के बाद इन्हें पुनः अभिलेखागार में व्यवस्थित तरीके से पुनः रखा जाता है। मौके पर कलेक्टर श्री तिवारी को बताया गया कि जिले की 9 तहसीलों में से तहसील ढीमरखेड़ा एवं विजयराघवगढ़ के स्कैनिंग का कार्य पूर्णता की ओर है और शेष तहसीलों में कार्य प्रगति पर है।

सभी राजस्व अभिलेखों का स्कैनिंग कार्य पूरा होने के बाद आधुनिक डिजिटल राजस्व अभिलेखागार बनने से परिवार की पीढ़ियों के लिये विशेष महत्व रखने वाला राजस्व रिकॉर्ड न केवल सुरक्षित रहेगा बल्कि आवश्यकता पड़ने पर सुगमता से उपलब्ध हो सकेगी। कपड़े के बस्तों में बंधी दम तोड़ती फाइलों को सुरक्षित और सहेज कर रखने और सुशासन के नजरिये से कलेक्टर के इन कोशिशों की वजह से लोगों को पूरी पारदर्शिता से जानकारियां सुलभ हो सकेगी।

### बोरी बंधान कर जल संवर्धन के लिए किया जागरूक



मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जल संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल की। जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के धरवारा सेक्टर अंतर्गत मढ़ाना पंचायत के आश्रित ग्राम शिवराजपुर में विद्यार्थियों ने बोरी बंधान कर पानी को रोकने की संरचना तैयार की।इस दौरान विद्यार्थियों ने कहा कि जल है तो कल है, इसलिए पानी को व्यर्थ नहीं बहाना है। उन्होंने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने जल संचय अभियान की विस्तार से जानकारी दी।विद्यार्थियों को सीएमसीएलडीपी के विभिन्न उद्देश्यों एवं क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान किए जाने वाले गतिविधियों से अवगत कराया। परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर ने जल संरक्षण का महत्व बताया और उपस्थित सभी लोगों को पानी बचाने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में पाठ्यक्रम से जुड़े सुधीर सिंह, शालिनी सिंह, रीना सिंह, कार्तिक सिंह, प्रियंका सिंह, वीरेन्द्र चौधरी, धनंजय हल्दकार सहित स्थानीय ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

# बालिकाओं को दिये गए सुरक्षा के टिप्स, अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विद्यालयों में बाल विवाह रोकथाम एवं बालिका अधिकार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### बाल विवाह रोकथाम पर किया गया जागरूक

विकासखंड बड़वारा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्री इंद्र कुमार साहू ने छात्रों एवं शिक्षकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। जबकि पर्यवेक्षक अर्पिता तिवारी एवं प्रियंका पाण्डेय द्वारा छात्रों को महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी दी गई।

### अधिनियमों से कराया अवगत

इसी प्रकार विकासखंड विजयराघवगढ़ में शासकीय मॉडल स्कूल विजयराघवगढ़ में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी श्री संतोष अग्रवाल द्वारा छात्राओं को महिला एवं बालिका से सम्बन्धित अधिनियमों एवं अधिकारों, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम एवं वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक श्रीमती संध्या शुक्ला, श्रीमती कलावती गौतम, श्रीमती मीना तिवारी, श्रीमती स्वेता शर्मा, शिक्षक की उपस्थिति रही।

विकासखंड ढीमरखेड़ा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढीमरखेड़ा में छात्राओं की सुरक्षा पर केंद्रित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भावना साहू द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा सम्बन्धित महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। उन्होंने छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम 2012 एवं आपातकालीन सहायता नंबर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 एवं एकीकृत आपातकालीन रिस्पांस नंबर 112 के बारे में बताया।

### महाविद्यालय बड़वारा के छात्रों ने किया किले का भ्रमण

# विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले की संघर्ष गाथा एवं वास्तुकला से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्राचार्य डॉ एल. के. सिंह के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पाठ्यक्रमानुसार महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का अकादमिक उत्कृष्टता कार्यक्रम अंतर्गत ऐतिहासिक भ्रमण कराया गया। इसमें महाविद्यालय के कुल 65 छात्र छात्राओं को कटनी जिले के विजयराघवगढ़ किला एवं अन्य ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.के. सिंह ने छात्रों को भ्रमण के दौरान किले के बारे में बताया कि विश्व विख्यात विजयराघवगढ़ का किला जहां की सुरक्षात्मक बनावट, नक्काशी देखने



लायक है। इसका निर्माण सन 1826 में ठाकुर प्रयागदास द्वारा शुरू किया गया था जो कई वर्षों में पूरा हुआ। इस किले की खासियत है कि यह चारों तरफ से बड़ा ही सुरक्षित है। इसके अलावा यहां पर विजय के प्रतीक राघव जी का मंदिर, रंगमहल की नक्काशी, रनिवास का आकार, गढ़ी के निर्माण की कलाकृति, दीवारों की नक्काशी देखने लायक है।

विजयराघवगढ़ किला भारत के मध्य में स्थित एक भव्य और ऐतिहासिक किला है। 17वीं शताब्दी से चले आ रहे समृद्ध इतिहास के साथ, इस किले ने अनेक विजय और संघर्षों को देखा है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल इस भ्रमण के प्रभारी भी थे। उन्होंने भी बराह मंदिर के बारे में बताया कि कारीतलाई एक प्राचीन गांव है जहाँ 5वीं सदी का विष्णु-वराह मंदिर है, जो कल्चुरी काल के कला-केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है जिसमें विष्णु-वराह की एक अद्भुत मूर्ति, जिसे सोमेश्वरस्वामी मंदिर कहा जाता था। यहाँ जैन और हिंदू देवी-देवताओं की कई प्राचीन मूर्तियाँ (जैसे महावीर, गणेश) और कई शिलालेख (जैसे कल्चुरी और जैन) मिले हैं, जो पुरातात्विक महत्व के हैं। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा संरक्षित है, और यहाँ से चोरी हुई कुछ मूर्तियाँ वापस लाने के प्रयास किए गए हैं। विजयराघवगढ़ और कारीतलाई दोनों कटनी जिले में हैं, और इनके बीच कलात्मक और ऐतिहासिक संबंध है, खासकर कारीतलाई के पत्थरों का विजयराघवगढ़ किले में उपयोग करना। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों में ऐतिहासिक ज्ञान में वृद्धि करना एवं अकादमिक उत्कृष्टता के मूल्यों को प्राप्त करना था।

### महापौर एवं निगमायुक्त ने निर्माणाधीन रिवर फ्रंट कार्य का किया निरीक्षण

# ग्रीन एरिया को विकसित करने एवं सौंदर्यीकरण कराने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगम प्रशासन द्वारा कराये जा रहे विभिन्न विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराकर नागरिकों को सौंपने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा शुक्रवार को कटाएघाट में नागरिकों की सुविधा हेतु कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण कर कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करानें के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री शैलेन्द्र प्यासी सहित निर्माण एजेंसी आर.के.शर्मा एंड ब्रदर्स के प्रतिनिधि



अखिलेश त्रिपाठी की मौजूदगी रही।

### ग्रीन एरिया करें विकसित

महापौर श्रीमती सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा रिवर फ्रंट विकसित करनें हेतु स्थल पर कराये जा रहे पाथ वे, घाट निर्माण का निरीक्षण कर सीढ़यों के फ्लोरिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करानें के निर्देश दिए। वहीं घाट के दूसरी ओर मिट्टी के कटाव को रोकने एवं ग्रीन एरिया को और अधिक विकसित करनें के उद्धेश्य से विभिन्न प्रकार के सुंदर फूलदार पौधों, ग्रीन ग्रास, खस आदि को लगानें के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नदी के घाट की सफाई कर नदी के बीच में स्थित चट्टान का सौंदर्यीकरण करनें के निर्देश दिए।

### शिव प्रतिमा स्थापित कर स्थल को दे भव्य स्वरूप

निरीक्षण के दौरान महापौर एवं निगमायुक्त द्वारा कटाएघाट की प्राकृतिक सुंदरता को और भी भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु मार्ग के नदी के बाएं ओर रिक्त प्लेटफार्म की प्राकृतिक छटा को बिखेरती हुई चट्टान के नीचे ब्लैक स्टोन से निर्मित भगवान शिव की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना करते हुए रेलिंग आदि का कार्य कराकर स्थल को भव्य स्वरूप प्रदान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वहीं नदी की ओर के रिक्त स्थान पर सुंदरता एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्टील की रेलिंग लगाकर स्थल को विकसित करने तथा पहाड़ियों की पास की खरपतवार की कटाई कर स्थल को ओर अधिक विकसित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### पर्यटन के रूप में होगा विकास

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि कटाये घाट को शहर के प्रमुख पर्यटन व आस्था स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। घाट को आधुनिक स्वरूप देते हुए समीप मौजूद चट्टानों के बीच शिवजी की आकर्षक मूर्ति स्थापित की जाकर बाउंड्रीवाल, हरियाली बढ़ाने जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने से कटाये घाट नगर का एक भव्य, शांत प्राकृतिक और सुव्यवस्थित स्वरूप के साथ नगरवासियों को मिल सकेगा।

# बकाया करों के अधिभार में सौ फीसदी तक मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज शनिवार को नेशनल लोक अदालत शिविर का आयोजन नगर के विभिन्न पांच स्थलों में किया जाना है। नागरिकों को बकाया करों की राशि को आसानी से जमा करने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय सहित अन्य चार स्थलों बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उप कार्यालय एवं सुभाष चौक कटनी में लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में करदाताओं को वर्ष 2024 - 25 के बकाया राशि के अधिभार में छूट का लाभ प्रदान किया जाएगा।

राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रुपये से अधिक तथा 1 लाख रुपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।

इसके अलावा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10 हजार रुपये से अधिक तथा 50 हजार रुपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रुपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवांगी ने शासकीय विद्यालय की दसवीं टॉपर को लैपटॉप देने का किया वादा

**अमानगंज।** अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवांगी रेजा ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में पहुंचकर छात्राओं का प्रोत्साहन किया। शिवांगी रेजा अमेरिका की सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत हैं। उन्होंने विद्यालय पहुंचकर घोषणा की है, कि 2025-26 में जो छात्रा कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में स्कूल में सबसे अधिक अंक लाएगी, उसको मैं लैपटॉप प्रदान करूंगी। साथ ही विद्यालय में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2024-25 में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप करने वाली छात्रा अंजली राजपूत को हाथ की घड़ी देकर सम्मानित किया गया। यह पहल कर उन्होंने छात्राओं का हौसला बढ़ाया। उमाकांत रेजा की पुत्री शिवांगी रेजा एक छोटे से क्षेत्र अमानगंज से विश्व स्तरीय अमेरिका की कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्य कर रही हैं, जो रेजा परिवार सहित नगर अमानगंज के लिए गौरव की बात है।

### खून के आंसू बहा रहा किसान, डीएपी-खाद के बाद यूरिया खाद की भारी किल्लत

**अमानगंज।** जिले में इन दिनों यूरिया खाद की भारी मारामारी देखने को मिल रही है। किसान हितैषी सरकार की अनदेखी से व्यापारियों की चौखट पर अन्नदाताओं की भीड़ लगी हुई है, जहां पर मनमाने दामों पर व्यापारी किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध करा रहे हैं, परंतु पन्ना जिला का भ्रष्ट तंत्र गहरी निद्रा में डूबा हुआ है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि यूरिया खाद करीब एक सप्ताह से खाद गोदाम में नहीं पहुंची है जिसका फायदा उठाकर व्यापारी 500 से 600 मूल्य पर यूरिया खाद किसानों को बेच रहे हैं। रवि की फसल की बुआई के समय किसान भारी परेशान देखे जा रहे थे और उस समय डीएपी खाद गोदाम पर शासन द्वारा उपलब्ध नहीं हो पा रही थी और अब जब किसानों को यूरिया खाद की अधिक मात्रा में आवश्यकता है तो खाद गोदाम में यूरिया खाद नहीं पहुंच पा रही है उसके अलावा डीएपी खाद आज भरपूर मात्रा में खाद गोदाम में उपलब्ध है। जिससे यह स्पष्ट है कि पन्ना जिले में बैठे भ्रष्ट अधिकारी आंखों में पट्टी बांधकर बैठे हुए हैं यहां पर देखने से लगता है कि आज लोकतंत्र नाम की कहीं कोई चीज मौजूद नहीं है यहां पर अफसरशाही सर्वोपरी है। खरीफ की 90 प्रतिशत फसल की बुवाई ना हो पानी के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। अब सहकारी समितियों एवं सरकारी गोदाम में यूरिया खाद की कमी ने उजागर कर दिया है कि सरकार किसानों के प्रति कितनी संवेदनशील है?

### 500 साल पुराने शिव मंदिर की मौन पीड़ा

# 900 शंख-8900 घंटों की गूंज से गूंजने वाला 'बूढ़ा जुझार' अब हो गया वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार






दमोह जिला मुख्यालय से करीब 28 किलोमीटर दूर ब्यारमा नदी किनारे स्थित बूढ़ा जुझार कभी वैभव, संस्कृति और आस्था का केंद्र हुआ करता था। 500 वर्ष पुराने इस शिव मंदिर में जहां 900 शंख और 8900 झालरों की एकसाथ गूंज से आरती होती थी, वहीं आज यह मंदिर खंडहरों में तब्दील होकर इतिहास की मौन कहानी सुनाता खड़ा है।

मंदिर की दीवारें आज भी बेहद मजबूत चूने-पत्थर की अनोखी कारीगरी का प्रमाण देती हैं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि कभी शिव पिंडी और जलहरी गर्भगृह में स्थापित थीं, लेकिन समय के साथ यह दुर्लभ धरोहर चोरी हो गई। चार विशाल दरवाजों वाला यह मंदिर कभी दूर-दूर तक धार्मिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र माना जाता था। बाढ़ ने उजाड़ दिया 'बूढ़ा जुझार', खेतों में मिलने लगे प्राचीन अवशेष

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, बूढ़ा जुझार कभी बेहद समृद्ध और आबाद गांव था, लेकिन ब्यारमा नदी की लगातार बाढ़ों ने गांव की बसाहट को नष्ट कर दिया। लोग नए जुझार में बसते चले गए और पुराना गांव खेतों व खंडहरों तक सिमटकर रह गया। खेत जोतते समय आज भी पत्थर की मूर्तियां, सिलबट्टे और अन्य प्राचीन अवशेष मिल जाते हैं, जो उस काल की उन्नत सभ्यता का प्रमाण है। गांव के खेतों पर बने कुम्हारखेड़ा, नाचनारीखेड़ा, फूटी खेर, गढ़िया, भरका जैसे नाम आज भी बताते हैं कि कभी किस समुदाय के घर किस स्थान पर बसे थे। ग्रामीणों का दावाः 500 साल पुराना शिवालय, लेकिन मूल पिंडी और जलहरी चोरी

नए जुझार के निवासी इमरत सिंह बताते हैं कि बूढ़े जुझार का यह मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है और इसके मूल दर्शन समय के साथ लुप्त हो गए। शिव पिंडी और जलहरी चोरी हो जाने के बाद मंदिर वीरान और असुरक्षित अवस्था में पड़ा है।

वहीं ग्राम धन सिंह लोधी बताते हैं—"इस मंदिर में 900 शंख और 8900 झालरों की ध्वनि गूंजती थीङ्क पूरा इलाका कंपा उठता था। आज केवल खामोशी बची है।"

#### किन्नर यहां आते ही बेहोश क्यों हो जाते हैं?

जुझार गांव से जुड़ी एक रहस्यमयी परंपरा आज भी चर्चा का विषय है। ग्रामीण बताते हैं कि शादी–विवाह, जन्मोत्सव या पर्व-त्योहारों पर जहां हर गांव में किन्नर बधाई देने पहुंचते हैं, वहीं जुझार गांव में किन्नर आज भी कदम नहीं रख पाते।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि कोई किन्नर गलती से गांव की सीमा में प्रवेश कर भी जाए, तो वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ता है। इस मान्यता को ग्रामीण पीढ़ियों से चली आ रही दैवी परंपरा से जोड़कर देखते हैं।

#### संरक्षण की गुहार

बूढ़ा जुझार का यह प्राचीन शिव मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि पांच सौ वर्ष पुराने इतिहास, संस्कृति और रहस्य का जीवंत दस्तावेज है। लेकिन संरक्षण के अभाव में यह धरोहर तेजी से नष्ट होती जा रही है।

स्थानीय जागरूक नागरिक हेमेंद्र राजन असाटी, इमरत सिंह, धन सिंह सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर का सर्वे कराकर इसे संरक्षित किया जाए और बूढ़े जुझार के गौरव को

## आप ने किया मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा के समीपस्थ ग्राम पार ना में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक वसंत राय के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जोड़ोअभियान का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम एवं आसपास की ग्राम पंचायत के सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही। आपकी इस सभा में प्रमुख रूप से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब किसानों एवं हरिजन आदिवासियों को होने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। प्रमुख वक्ता के रूप में बसंत राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब प्रांत में चल रही है जो जनहितैषी कार्य जैसे पूरे प्रदेश की आबादी को फ्री शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बिजली जैसी योजना देकर के प्रदेश वासियों को खुशहाल बनाने का कार्य कर रही है। वही ठीक इसके विपरीत देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार दोनों मिलकर के गरीबों एवं पिछड़ों का भरपूर दोहन कर रही है आज पूरे प्रदेश का गरीब त पका जहां महंगाई एवं बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहा है लेकिन यह डबल इंजन की सरकार इन सबसे बेफिक्र होकर के देश की संसद में वंदे मातरम एवं एस आई आर पर बहस कर रही है। पिछले आठ दिनों से जहां लाखों लोग एयर इंडिया की उड़ान रद्द होने से परेशान है वही देश की सरकार अपने चहेते एयर एयरलाइंस कंपनियों को छूट देकर के सरेआम लूट करवारहे हैं कंपनियों की इस लूट पर पूरी सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। उपस्थित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस समय बिजली बिल लोगों को काफी परेशान किए हुए हैं जहां पहले मात्र 100 महीने का बिल आता था वहीं अब हजारों की संख्या में ग्रामीणों को बिल थमाएजा रहे है बिजली बिल जमा न करने पर उनके घर की कुर्की करने की धमकी देते हुए लाइट काट दी जाती है। उपस्थित समस्त ग्राम वासियों ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक के साथ मिलकर के आगामी विधानसभा चुनाव में इस सरकार को वादा खिलाफी करने के कारण सत्ता से बे दखल करने का संकल्प लिया।

## लघु वेतन कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा दमोह द्वारा प्रांतीय आवाहन पर 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन माननीय श्री जयंत कुमार मलैया पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक महोदय जी दमोह द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल को प्रेषित किया गया। जिला अध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने बताया कि मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के कर्मचारियों से संबोधित 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौपा गया। जिसमें नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाए। भ्रत्य नाम परिवर्तन कर कार्यालय सहायक नाम किया जाएं। लघु वेतन कर्मचारनीय संघ को पदोन्नति का लाभ दिया जाएं। कर्मचारियों को वर्दी दी जाएं। 45000 स्थाई कर्मी कर्मचारियों को नियमित सेवा के कर्मचारियों की तरह सभी प्रकार की सुविधा दी जाएं। आकस्मिकसेवा के कर्मचारियों को 300 दिन का अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाएं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर्मी का लाभ दिया जाएं। समस्त विभागों में लगे अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर पर या स्थाई कर्मी का दर्जा घोषित किया जाएं। कर्मचारियों का ग्रेड पेय केंद्री कर्मचारियों की तरह 1800 रुपए ग्रेट पेय किया जाएं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका समस्त विभागों में लगे आउटसोर्स कर्मचारी बन समिति के वनरक्षक हैं ग्राम रक्षक कोटवार वेगार प्रथा बंद करना मध्यान भोजन रसोईया एवं साझा चूल्हा रसोइयों को कम से कम 10000 रुपए वेतन दिया जाएं। समस्त छात्रावासों मेंनियमित अंशकालीन कर्मचारियों रसोईया चौकीदार कर्मचारियों को उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कराए जाएं। आदि मांगों के संबंध में ज्ञापन सौपा गया अगर सरकार कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो उग्र आंदोलन के लिए हम बाध्य रहेंगे ज्ञापन में उपस्थित कर्मचारियों में लिपिक वर्गीय संयुक्त मोर्चा संरक्षक राकेश सिंह हजारी, संरक्षक शेख हनीफ खान, उप संरक्षक धरमदास रोहित, जिला सचिव अभिषेक सिंह राजपूत, उप सचिव सदन कटारया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र अहिरवाल, उपकोषाध्यक्ष जयंत गांगरा, महासचिव देव कुमार रजक, भगवती शरण चौबे, संयुक्त सचिव राकेश प्रजापति, राजकुमार अहिरवार, प्रहलाद अठया, अंशकालीन प्रकोष्ठ अध्यक्ष भरत सेन, जिला कार्यकारिणी सदस्य बलदेव रैकवार, देवीदीन अहिरवाल, इमाम कृष्णा कमलेश सेन, प्रेमलाल राजकुमार, अठया वृंदावन, मेहरा चायना बी सपना विश्वकर्मा, राजकुमारी लोधी, मनोज तिवारी, मोती वाली लोधी, मालती अहिरवार, बालकिशन उर्मिला साहू, मुकेश गौड़ टीना ममता ठाकुर, महेंद्र राज, ममता सीमा बाई, मक्खन सिंह, आरिफ खान एवं ससमस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धरती आबा योजना से रोशन हुए गांव

### जबेरा क्षेत्र में पात्र परिवारों को मिले निःशुल्क बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर/जबेरा



शासन की जनकल्याणकारी योजनाएँ अब गांवों में सीधे असर दिखाने लगी हैं। धरती आबा जनजाति उत्कृष्ट योजना के तहत जबेरा विद्युत मंडल ने ग्राम पुरेनहाउ, पारना, लमतरा, पिपरिया और जमुनिया में पात्र हितग्राहियों को निशुल्क बिजली कनेक्शन प्रदान किए, जिससे जनजातीय परिवारों के घरों में लंबे समय बाद उजाला पहुंचा है। विभाग द्वारा लगाए गए इन कनेक्शनों में मीटर के साथ सर्विस लाइन, बोर्ड और बल्ब भी निःशुल्क उपलब्ध कराए गए, जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ा।

जबेरा विद्युत मंडल के अधिकारी महेश महतो ने बताया कि योजना के अंतर्गत कुल 29 निशुल्क कनेक्शन स्वीकृत हैं, जिनमें 18 विभागीय और 11 ऑनलाइन स्वीकृत लाभार्थी शामिल हैं। आज छह कनेक्शन दिए गए और विभाग की टीम कल शेष ग्रामों में कनेक्शन प्रदान करने के लिए पहुंचेगी, जिससे सभी पात्र परिवारों को जल्द सुविधा मिल सके। ग्रामीणों में इस योजना को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। पुरेनहाउ निवासी पूरन सिंह, महेश सिंह, श्रीराम सिंह और मदन ने बताया कि निशुल्क मीटर और बल्ब मिलने से वर्षों की परेशानी समाप्त हो गई है और उनके घर अब सचमुच रोशन हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अब बड़ा राहत महसूस हो रही है। कनेक्शन वितरण के दौरान जबेरा विद्युत मंडल से कनिष्ठ अभियंता महेश महतो, आशिक खान, दीपेश पटेल और ठेकेदार प्रिंस जैन उपस्थित रहे और लाभार्थियों को विधिवत कनेक्शन प्रदान किए।

## विश्व विजेता सुषमा पटेल के ग्राम मैली पहुंचे जनपद सीईओ



**जबेरा।** विश्व विजेता भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की सदस्य सुषमा पटेल के ग्राम मैली घाना में जबेरा जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम को गौरवान्वित करने वाली होनहार बिटिया सुषमा पटेल के पिता बाबूलाल पटेल सहित परिजनों से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी और शासन प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में जनपद पंचायत सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल ने मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे के साथ ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना जिस पर ग्राम वासियों ने आवागमन के लिए रोड एवं रोड के आजू-बाजू खकरी निर्माण कराए जाने की मांग की। जिस पर जनपद पंचायत सीईओ ने जमीन मालिकों से सहमति पत्र मिलते ही रोड एवं खकरी निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही ग्राम वासियों ने ग्राम में पाइप लाइन द्वारा जल सप्लाई कराए जाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने एवं ग्राम में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराए जाने की मांग करते हुए अनेंक मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। जिनका शीघ्र निराकरण कराए जाने का आश्वासन देते हुए जनपद पंचायत सीईओ श्री पटेल ने पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र प्रस्ताव बनाकर समस्याओं का निराकरण किया जाए। इस अवसर पर उपयंत्री आरके वर्मा, सचिव सुनील यादव, करीम बख्त सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर



**तेंदूखेड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के निर्देशानुसार तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के संबोधन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी संजय विश्वकर्मा अस्पताल स्टाफ, आशा कार्यकर्ता, अस्पताल के मरीजो के परिजन उपस्थित रहे। न्यायाधीश द्वारा नशा मुक्ति विषयक जानकारी दी तथा समय-समय पर नशा मुक्ति अभियान के चलाए जाने का परामर्श दिया ताकि लोग अधिक से अधिक जागरूक हो वर्तमान में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। उपस्थित चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई जिसमें जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, नक्षय पोषण योजना, संजीवनी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष, नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके उपरांत समस्या होने पर परामर्श के लिए विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने का परामर्श दिया गया।

### तय तौल से अधिक वजन, अवैध वसूली और देरी, अनियमितताएँ चरम पर

# धान खरीदी केंद्रों पर किसानों का शोषण!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



जबेरा जनपद क्षेत्र के सिमरी मौसीपुरा स्थित मां बेयर हाउस के धान खरीदी केंद्रों पर किसानों से अवैध वसूली और मनमानी तौल का मामला गंभीर रूप ले चुका है। केंद्र क्रमांक 1 के प्रभारी कलू सिंह लोधी और केंद्र क्रमांक 2 के प्रभारी दीपक जैन पर किसानों ने खुले तौर पर धोखाधड़ी और शोषण के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि प्रति क्विंटल तय मानक 40 किलो के बजाय केंद्रों पर 41 किलो 200 ग्राम से 41 किलो 300 ग्राम तक तौल की जा रही है। इससे किसानों को हर क्विंटल पर लगभग 1.20–1.30 किलो का सीधा नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं, शासन के नियमों के अनुसार तुलाई निःशुल्क है, लेकिन किसानों से ₹20 प्रति क्विंटल वसूला जा रहा है। और यदि कोई किसान जल्दी तुलाई चाहता है, तो उससे ₹50 प्रति क्विंटल ऐच्छिक शुल्क के नाम पर वसूला जाता है। सामान्य किसानों को 5 से 6 दिन तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

महुआखेड़ा, बड़गवां, हरदुआ सहित आसपास के गांवों के किसान—अभिनय गर्ग, कोमल सिंह, भूपत सिंह, केर सिंह—ने इन गतिविधियों को किसानों के साथ सीधा अत्याचार बताया है।

#### विवादों में शोषण आम बात

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ सिमरी मौसीपुरा ही नहीं, बल्कि जनपद जबेरा के कई उपार्जन केंद्रों में भी इसी तरह की धांधलियाँ आम हो गई हैं। किसानों का आरोप है कि तौल में हेराफेरी, अवैध वसूली, और तुलाई में अनावश्यक देरी अब लगभग सिस्टम बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक निगरानी की कमी के कारण मनमानी बढ़ती जा रही है और किसान अपनी ही उपज बेचने के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं।

#### कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

किसान मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह और जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने कलेक्टर से दोनों केंद्र प्रभारियों पर कठोर कार्रवाई करने और पूरे जनपद के उपार्जन केंद्रों का विशेष निरीक्षण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक प्रशासन सख्ती नहीं करेगा, किसानों का शोषण नहीं रुकेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार न आया तो आंदोलन की राह अपनाई जाएगी।

## आचार्यों का दो दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** महाकौशल वनांचल शिक्षा सेवा न्यास जबलपुर द्वारा संचालित सरस्वती जनजातीय संस्कार केंद्र के आचार्यो का आवर्ती प्रशिक्षण वर्ग गुरूवार एवं शुक्रवार तक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में सम्पन्न हुआ है। जिसमें शाम 5 बजे से 6 बजे तक संघ स्थान, 6 से 7 बजे तक पाठयक्रमानुसार का प्रातः स्मरण, एकात्मता स्त्रोत, वन्देमातरम का गीत का अभ्यास कराया गया। 7 से 8 बजे तक शैक्षणिक विषयो में हिन्दी, गणित, भोपाल की सेर पाठ, विषन की बहादुरी पाठ, गणित में पैसे से रूपया, रूपया से पैसे आरोही अवरोही क्रम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान राजकुमार झारिया संस्था के प्राचार्य, वीरेन्द्र ठाकुर खंड संघ चालक, नन्दलाल यादव जनजातीय शिक्षा जिला समन्वयक, नरेन्द्र यादव संकुल समन्यवयक उपस्थित रहे।

## यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज डे जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशो एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में 12 दिसंबर 2025 को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला अस्पताल दमोह में यूनीवर्सल हेल्थ कवरेज डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री अंकुर शर्मा व ऋचा त्रिपाठी, डॉ सुरेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ उवेद खान एवं मरीजगण उपस्थित थे। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बताया कि यह दिवस हमें याद दिलाता है कि दुनिया का हर देश अपने नागरिकों को सस्ती व गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। जिसके पालन में शासन के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ आमजन को उपलब्ध कराया जाता है। डॉ सुरेन्द्र विक्रम सिंह ने उपस्थित जन को शासन द्वारा संचालित 108 एंबुलेंस सेवा, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन योजना इत्यादि के विषय में जानकारी देते हुए होने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी।

## नेशनल लोक अदालत आज

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुभाष सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन में आज 13 दिसंबर को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री रजनीश चौरसिया, द्वारा बताया गया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 21 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया नेशनल लोक अदालत हेतु नगरीय विकास विभाग, विद्युत विभाग, बैंकों एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है, जो मात्र नेशनल लोक अदालत हेतु प्रदान की जायेगी। उन्होंने समस्त पक्षकारों से अपील की है कि वे इस नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विद्युत विभाग, बैंक, बीएसएनएल, नगरपालिका द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

**खबर संक्षेप**

### वार्डों की कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश

**दमोह।** जिला अस्पताल में रात्रि के समय सीनियर सर्जन डॉ. मुकेश जैन और हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने पुलिस कांस्टेबल के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों में पाई गई कमियों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल की साफ–सफाई को लेकर भी कड़ाई बरती गई, सफाई सुपरवाइजर को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही नर्सिंग ऑफिसर को वार्डों एवं टॉयलेट्स की लगातार साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। उन्होने स्पष्ट किया मरीजों को स्वच्छ एवं बेहतर उपचार, वातावरण उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### अवैध उत्खनन कर पत्थर परिवहन करते पाए जाने पर कार्यवाही

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के क्रम मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया आज ग्राम पंडरी कुम्हारी से अवैध उत्खनन कर पत्थर परिवहन करते हुए पाया गया। जिसे जप्त कर थाना कुम्हारी मे रखवाया गया है। प्रकरण मे गौण खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी। उन्होंने कहा जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

घटिया सड़क निर्माण पर भड़की हटा विधायक, अधिकारी से कहा हमारी विधानसभा में न लगाया जाए चूना

## 241 करोड़ की सड़क के निर्माण कार्य में हो रहा घटिया सामग्री का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





केन्द्र सरकार की टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एमपीआरडीसी द्वारा दमोह से सिमरिया तक 73 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य करीब 241 करोड़ की लागत से किया जा रहा है जिसमें हटा मुख्य सड़क पर सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कर बनाई जा रही सड़क को लेकर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा घटिया एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके चलते विधायक उमा देवी खटीक ने घटिया सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार दोपहर उन्होंने सड़क का निरीक्षण कर स्वयं सरिया उखाड़े और एमपीआरडीसी के अधिकारियों से कहा कि उनकी विधानसभा में इस प्रकार से चूना न लगाया जाए। तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाकर मजबूत सड़क का निर्माण कराया जाए। दरअसल दमोह से लेकर सिमरिया तक 72 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य 241 करोड़ की लागत से चल रहा है जिसका निर्माण कार्य हरियाणा की इस्कॉन कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। हटा नगर के अंदर 41 सो मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी चौड़ाई 9 मीटर होगी। सड़क के घटिया निर्माण की शिकायत विधायक के पास पहुंची थी। जिसका निरीक्षण करने के लिए हटा विधायक उमादेवी खटीक शुक्रवार को अपने समर्थको के साथ पहुंची थी। वहां उन्होंने सड़क की गुणवत्ता देखी तो उसमें सीमेंट कम मिला और एक जगह सरिया उखड़कर हाथ में आ गया। डस्ट की मात्रा अधिक मिली। इसके बाद विधायक नाराज हो गई। उन्होंने तत्काल ही संबंधित निर्माण कंपनी के कर्मचारियों को बुलाकर फटकार लगाई एव घटिया निर्माण न करने की बात कही और एमपीआरडीसी सागर संभाग के अधिकारी सुनील कालरा को फोन लगाकर तत्काल ही इस प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए। विधायक खटीक ने कहा कि उनकी विधानसभा में एमपीआरडीसी के द्वारा सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो काफी घटिया है। जब उन्होंने उसकी गुणवत्ता देखी तो हकीकत सामने आ गई और सरिया ही उखड़ कर हाथ में आ गया। उन्होंने अधिकारियों से कहा है की उनकी विधानसभा में इस प्रकार घटिया निर्माण कार्य कर चूना न लगाया जाए। तत्काल इस काम पर रोक लगाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए।

## रनेह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला ने दिया दसवें बच्चे को जन्म

**दो बेटियां विवाहित, बड़े बेटे की उम्र 17 साल, पति बोले - अब करा लेंगे ऑपरेशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह



आदिवासी मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय कुसुम आदिवासी ने शुक्रवार को अपने 10वें बच्चे को जन्म दिया। कुसुम के सबसे बड़े बेटे की उम्र 17 साल एवं दो बेटियां भी विवाहित हैं। लगातार 10वीं संतान होने के बाद अब पति नंदराम आदिवासी (43) ने परिवार नियोजन के लिए नसबंदी ऑपरेशन कराने की बात कही है। दंपती मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है।

### जोखिम भरे गर्भ को लेकर स्वास्थ्य विभाग रहा अलर्ट

कुसुम का दसवां गर्भ जोखिमभरा था। खून की कमी और पहले के सभी 9 प्रसव घर पर होने की वजह से मेडिकल टीम लगातार चिंतित थी। ग्रामीण परंपराओं के कारण महिला को अस्पताल लाना आसान नहीं था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने लगातार मॉनिटरिंग जारी रखी। एएनएम कुंती चौरसिया, आशा सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ता राजबाई लोधी पिछले नौ महीनों से महिला के घर जाकर जांच, टीकाकरण, पोषण संबंधी सलाह और सुरक्षित प्रसव के लिए जागरूकता का काम कर रही थीं।

### अस्पताल में सुरक्षित प्रसव

शुक्रवार को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर कुसुम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रनेह लाया गया, जहां उसने 3.5 किलोग्राम वजनी स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। नर्स देवकी कुर्मी ने बताया कि महिला हाई रिस्क जोन में थी, लेकिन प्रसव सामान्य रूप से सफल हुआ। मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। कुसुम ने स्वास्थ्य कर्मियों का आभार जताते हुए कहा, "अगर आशा दीदियाँ मुझे बार-बार समझाने न आतीं, तो शायद फिर घर पर ही प्रसव करती, जिससे खतरा बढ़ सकता था। अब समझ में आया कि अस्पताल में प्रसव क्यों जरूरी है।"

### अब परिवार नियोजन की तैयारी

कुसुम और नंदराम को मिलाकर तीन बेटे और सात बेटियाँ कुल दस संतानें हैं। जब पति से पूछा गया कि पहले परिवार नियोजन का कदम क्यों नहीं उठाया, तो उन्होंने कहा—"संतानें होती गईं,लेकिन अब ऑपरेशन करा लेंगे।"

## अवैध शराब कार्यवाही में हेरफेर की चर्चाएं जोरों पर

**पथरिया।** विगत दिनों एक शिफ्ट गाड़ी में अवैध शराब पकड़ी गई जिसको लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है जिसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आखिर क्या कारण है कि इतनी चर्चा हो रही है वही पुलिस द्वारा 7 पेटी अवैध शराब पकड़ी व कार्यवाही की गई लेकिन पूछताछ व पहले आरोपियों को पकड़ने व बाद में एक पर कार्यवाही जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर भागने में सफल हो गया। अवैध शराब का कारोबार इतनी तीव्र गति से फल फूल रहा है कि हर जगह बड़ी ही आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। भलें नगर में 2 दुकानें अधिकृत है पर अनाधिकृत रूप से धड़ल्ले से कारोबार चल रहा है। हालांकि क्षेत्र में अब सब जानने लगें हैं कि उक्त कारोबार में गति क्यों है अब राजनैतिक संरक्षण में अवैध कारोबार चल रहें हैं। कार्यवाही करें तो दिक्कत और ना करें तो, वैसे आम जनमानस लाख कोशिश करें विरोध करें, कुछ प्रभाव नही पड़ता क्योंकि आजकल यह कारोबार भी विकास की श्रेणी में आने लगी है शायद यही कारण है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी देखकर भी अनजान बने हुए हैं।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव के दो साल के कार्य काल में कोई उपलब्धि नहीं: मानक पटेल



**दमोह।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं दमोह जिले के प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि डॉ मोहन यादव के कार्यकाल में म.प्र. में किसानो की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है, किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी, जैसी बुनियादी सुविधाये एवं फसल का उचित दाम नहीं मिल रहे है , सरकार की भावांतर योजना का लाभ अधिकांशतः व्यापारी वर्ग ही ले रहे है। भा.ज.पा. द्वारा चुनाव के समय किये गये सभी वायदे खोखले साबित हो रहे है, युवाओं को न तो रोजगार मिल पा रहा है और न ही विकास के लिये कोई बड़े प्रोजेक्ट यहां पर लगाये जा रहे है जिससे कि रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। सड़को की हालत जर्जर है, शिक्षा व स्वस्थ्य से जुड़ी योजनायें भी जमीनी स्तर पर दम तोड़ रही है, जबकि विकास के नाम पर सरकार दो सालो में कई हजार करोड़ो रूपये का कर्ज ले चुकी है जिसकी वसूली अप्रत्यक्ष रूप से जनता से की जावेगी। नशे का कारोबार एवं भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर फल फूल रहा है, अपराधो का ग्राफ भी तेजी से बड़ा है इसके बाद भी भा.ज.पा. की डबल इंजिन की सरकार स्वयं का गुणगान करने में लगी हुई है जिसकी जमीनी हकीकत अब जनता भी समझ रही है, चुनाव के समय जनता से जो वायदे किये गये थे उन्हे भा.ज.पा. सरकार शीघ्र ही पूरा करे अन्यथा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर सड़को पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## प्राचार्यों और शिक्षकों ने सामूहिक संकल्प पत्र सौंपकर बेहतर परीक्षा परिणाम का लिया संकल्प: कलेक्टर

### शैक्षणिक सुधार की अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले में शिक्षा विभाग के प्राचार्यों एवं अधिकारियों द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। इस पहल के अंतर्गत कक्षा 10वीं और 12वीं के सभी सरकारी विद्यालयों के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ चाहे वे नियमित हों या अतिथि शिक्षक स्वेच्छा से एक संकल्प पत्र भरकर दे रहे हैं। इस संकल्प पत्र में प्रत्येक विद्यालय अपने पिछले वर्षों के परीक्षा परिणाम का उल्लेख कर रहे है जैसे 2024 का परीक्षा परिणाम कितना था, 2025 में कितना सुधार हुआ तथा 2026 में सामूहिक प्रयास से कितनी वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इस पहल ने विद्यालयों में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का माहौल बना दिया है। सभी स्कूल अपने परीक्षा परिणाम बेहतर करने की दिशा में उत्साहपूर्वक कार्य कर रहे हैं और इसके लिए अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा आने वाले 2–3 दिनों में सभी संकल्प पत्र प्राप्त हो जाएंगे, जिनका अध्ययन कर विद्यालयों को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा यथा- 80–85% से 100% तक परिणाम लाने का लक्ष्य रखने वाले विद्यालय, 60% से 75–80% तक परिणाम का लक्ष्य रखने वाले विद्यालय के साथ वे विद्यालय जो वर्तमान में कमजोर स्थिति में हैं और 30% से 60% तक परिणाम सुधारने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होने कहा इन श्रेणियों के आधार पर आगे प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ विस्तृत चर्चा कर यह तय किया जाएगा कि उनके परिणामों को और बेहतर कैसे बनाया जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा यह पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सामूहिक संकल्प और टीम वर्क से इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम निश्चित रूप से बेहतर होगा।

### लंबे समय से निष्क्रिय बैंक खातों को पुनर्जीवित या बंद कराने में जिला प्रशासन करेगा मदद

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्देशों के बारे में आम नागरिकों को जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कई लोगों ने वर्षो पहले बैंक खातें खुलवाए थे, जिनमें राशि तो जमा है लेकिन लंबे समय से कोई लेनदेन नहीं होने के कारण वे खाते निष्क्रिय या सस्पेंस खातों के रूप में पड़े हुए हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया ऐसे खातों को पुनर्जीवित करने, बंद कराने या उनमें जमा पैसे निकालने तीनों विकल्प नागरिकों के पास उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा लोगों को चाहिए कि वे अपने पुराने खातों की स्थिति की जांच कर लें, ताकि उनकी जमा धनराशि सुरक्षित रूप से उन्हें वापस मिल सके।

## पंचायत की उदासीनता के चलते गली-गली में फैली गंदगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

एक ओर जहां स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गांव गांव को स्वच्छ एवं साफ सुथरा बनाए जाने की मूहिम चलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत गैसावाद प्रशासन की अनदेखी के चलते गांव की गलियों में लोगों के नरदो का गंदा पानी आम रास्ता पर बहने से गंदगी फैल रही है। ग्राम की बड़ी देवी शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग पर हमेशा ही गंदा पानी बहता रहता है जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर आने-जाने में असुविधा होती है लोगों को कीचड़ में से होकर निकलना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा मुस्लिम वार्ड में मस्जिद से लेकर बड़े हनुमान जी के मंदिर तक जो नाली का निर्माण कराया गया है वह पूर्ण तरह से नहीं हुआ है। आधा अधूरा किया गया है मंदिर तक तो नाली बनाई गई लेकिन मंदिर के आगे नदी तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया। जिससे गांव का गंदा पानी मंदिर के इस तरफ ही भरा रहता है मंदिर जैसे पवित्र स्थान पर गंदगी फैली रहती है पानी की निकासी आगे नहीं हो पाती है ग्रामीण जनों ने बताया कि इतना ही नहीं पंचायत द्वारा जो नाली बनाई गई है। उस नाली किनारे एक निजी व्यक्ति के खेत की सुरक्षा के लिए लोहे के पाइप भी लगा दिए गए हैं जिसमें भविष्य में तार लगाकर बंद कर दिया जाएगा। जिससे लोगों को असुविधा होगी। इसकी शिकायत बड़े हनुमान जी मंदिर के पुजारी द्वारा पुलिस थाना में भी की गई थी जिस पर पुलिस द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि जो पाइप लगाए गए हैं। वह काट दिए जाएंगे लेकिन वह पाइप आज तक नहीं हटाए गए। ग्रामीण जनों ने शासन प्रशासन से बड़ी देवी शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग पर फैली हुई गंदगी की साफ सफाई कराए जाने एवं बड़े हनुमान जी मंदिर के पास वाली अधूरी बड़ी नाली को नदी तक बनाए जाने की एवं सीसी पर लगाए गए पाइपों को हटाने जाने की मांग की है।

## ग्रामीण समुदायों के आधार कार्ड हेतु जिले में लगाए जाएंगे विशेष शिविर: कलेक्टर

**दमोह।** जिले के ग्रामीण अंचलों में निवासरत नाथ, नट, बंजारा, गडरिया तथा पन्नी बीनने वाले समुदायों के बीच आधार कार्ड न होने या अपडेट न होने की समस्या बड़ी संख्या में सामने आई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने शीघ्र ही विशेष आधार पंजीकरण एवं अपडेट शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया पहला शिविर 15 दिसंबर को तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम झमरा में आयोजित किया जाएगा। यह वही क्षेत्र है जहाँ हाल ही में बड़ी संख्या में लोग बाढ़ से प्रभावित हुए थे और जहाँ नट, आदिवासी एवं बंजारा समुदाय के परिवार अधिक संख्या में निवासरत हैं। शिविर में संबंधित समुदाय के लोगों के दस्तावेजों की जांच कर उनके आधार कार्ड बनाए व अपडेट किए जाएंगे। इसके बाद दूसरा शिविर 16 दिसंबर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान लगाया जाएगा। इसमें शहर के किशुन तलैया एवं ग्राम तिन्दौनी के निवासी अपनी आवश्यकतानुसार आधार सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। तीसरा शिविर 18 दिसंबर को ग्राम घूघस में आयोजित किया जाएगा, जहाँ इन समुदायों की बड़ी आबादी निवास करती है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी पात्र समुदायों से अपील की है कि वे आधार कार्ड बनवाने या अपडेट कराने हेतु अपने उपलब्ध दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से शिविरों में उपस्थित हों। उन्होंने बताया लक्ष्य अधिकतम लोगों के आधार कार्ड तैयार करने और पुराने आधारों को अपडेट करने का है। शिविरों में मिलने वाले रिस्पांस के आधार पर आगे और शिविर लगाने संबंधी निर्णय लिया जाएगा। ये शिविर जिले की सामाजिक एवं प्रशासनिक संवेदनशीलता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

## शिव अवतारों में छुपा है ब्रह्मांड के अनाहत स्वरूप का दर्शन: श्रीभगवान वेदांताचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



देवों के देव भगवान भोलेनाथ को महादेव कहा जाता है। उनकी आराधना न केवल मनुष्य वरन दैत्य, राक्षस और देवता भी करते हैं। भगवान शिव के महामंत्र "ऊँ नमः शिवाय" एवं महामृत्युजंय मंत्र के जप से व्यक्ति के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं और न केवल उसके जीवन में सुख-समृद्धि आती है वरन वह मृत्यु के उपरांत मोक्ष भी प्राप्त करता है। यह विशेष वार्ता सत्संग के मध्य श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी ने शिव कथा में कही यद्यपि भोलेनाथ, महादेव, शंकर, नीलकंठ और त्रिपुरारी जैसे कई नामों से जाना जाता है, हिंदू धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक हैं. वे त्रिदेवों में से एक हैं दृ ब्रह्मा, विष्णु और महेश (शिव). शिव को संहारक की भूमिका में जाना जाता है, लेकिन वे केवल विनाश के नहीं बल्कि पुनर्निर्माण और परिवर्तन के देवता भी हैं। भगवान शंकर को योग का आदिगुरु माना जाता है. वे हिमालय की गुफाओं में ध्यानमग्न योगी के रूप में भी प्रतिष्ठित हैं. उनका यह तपस्वी रूप आत्मसंयम, साधना और आत्मज्ञान का प्रतीक है. उनकी तीसरी आंख ज्ञान और अंतर्दृष्टि की प्रतीक मानी जाती है। 'शिव परिवार' में चार मुख्य व्यक्तित दिखाई देते है कहा जाता है, जिसमें माता पार्वती (शक्ति), पुत्र गणेश और कार्तिकेय प्रमुख हैं. नंदी, उनका वाहन और परम भक्त, भी इस परिवार का अभिन्न अंग है. यह परिवार संतुलन, एकता और प्रेम का प्रतीक है। शिव के त्रिशूल त्रिगुण (सत्त्व, रज, तम) का प्रतीक. डमरू सृष्टि और ध्वनि का प्रतीक, जिससे 'ओंकार' की उत्पत्ति मानी जाती है. जटाएं गंगा का वास, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे जीवनदायिनी शक्तियों के अधिपति हैं. नाग उनके गले में लिपटा हुआ नाग भय, मृत्यु और नियंत्रण का प्रतीक है. रुद्राक्ष-तपस्या और साधना का प्रतीक. भस्म विरक्ति और संसारिक मोह से मुक्ति का प्रतीक. शिव के कई रूप माने गए हैं नटराज शिव का यह रूप तांडव नृत्य करते हुए दिखाया जाता है, जो सृष्टि के निर्माण, पालन और संहार का प्रतीक है. अर्धनारीश्वर यह रूप शिव और शक्ति (पार्वती) के अद्वैत और समानता को दर्शाता है. भैरव यह उनका उग्र और रक्षक रूप है. महाशिवरात्रि शिव की आराधना का सबसे प्रमुख पर्व है. इस दिन भक्त उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र चढ़ाते हैं. शिव को अत्यंत सहजता से प्रसन्न होने वाला देवता कहा जाता है, इसीलिए उन्हें "भोलेनाथ" कहा जाता है. लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के मध्य शिव पुराण की पौराणिक विवेचना में कही जहां फलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत राम दास त्यागी जी महाराज एवं योगी राज श्री राम करण दास त्यागी जी महाराज भी शिव भक्तों के साथ उपस्थित रहे।

## सरपंच के साथ हुई मारपीट में आरोपी पिता पुत्र और भाइयों को एक दिन का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायाधीश पंकज वर्मा की अदालत ने वर्तमान सरपंच और उसके परिवारजन से मारपीट करने के मामले में ग्राम मुआर के पूर्व सरपंच पति पप्पू सिंह उर्फ दशरथ सिंह लोधी, उसके पुत्र एवं दो भाइयों को भादवि की धारा 323 में तीन-तीन बार दोषी पाते हुए एक दिन का कारावास तथा कुल 8 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में म.प्र. शासन की ओर से पैरवी सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

### मामला इस प्रकार है

घटना 14 मार्च 2022 की है। ग्राम झरौली के वर्तमान सरपंच देवी सिंह सुबह करीब 10:30 बजे खेत में चारा लेने गए थे। घर लौटने पर पत्नी ने बताया कि ग्राम मुआर के पप्पू उर्फ दशरथ सिंह रोड पर खड़े होकर गाली-गलौज करके गए हैं। पंचायत के टैंकर के पानी को लेकर दोनों पक्षों में पहले से विवाद चल रहा था।

कुछ देर बाद आरोपी पप्पू उर्फ दशरथ पिता दान सिंह लोधी, अपने पुत्र अन्नू उर्फ अनरथ सिंह, और दोनों भाई इन्ना उर्फ देव सिंह,जुगराज सिंह लोधी के साथ वहां पहुंचा और देवी सिंह को गालियां देने लगा। मना करने पर आरोपियों ने देवी सिंह, उनकी पत्नी जयाबाई और पुत्री साधना पर लोहे की रॉड व लाठियों से हमला किया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग गए।

आहत जयाबाई को गंभीर चोटों के चलते जबलपुर रेफर किया गया। घटना की रिपोर्ट थाना नोहटा में लिखी गई।जांच के दौरान जयाबाई और साधना को फ्रेक्चर पाए जाने पर मामला धारा 326 भादवि में दर्ज किया गया।

अभियोजन ने कुल 8 साक्षी प्रस्तुत किए, किन्तु फ्रेक्चर रिपोर्ट तैयार करने वाले चिकित्सक डॉ. एस.एस. मौर्य और डॉ. शरद गंगराड़े अनेक समन एवं वारंट के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए, जिसके कारण उनका साक्ष्य अवसर समाप्त कर दिया गया। जबलपुर के चिकित्सक डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि जिस सीटी स्कैन फिल्म के आधार पर फ्रेक्चर बताया गया था, वह रिपोर्ट केस रिकॉर्ड में संलग्न नहीं है। बचाव पक्ष ने भी यही तर्क दिया कि न तो कथित हथियार पेश किए गए और न ही CT स्कैन फिल्म उपलब्ध है, जिससे मामला संदेहजनक है।

### अदालत का निर्णय

अदालत ने स्पष्ट किया कि जप्त हथियार पेश न होने से पूरा अभियोजन कथानक अविश्वसनीय नहीं हो जाता, यदि आहत के कथन और अन्य चिकित्सा साक्ष्य उससे मेल खाते हों। हालांकि CT स्कैन रिपोर्ट और संबंधित चिकित्सकों की गैरहाजिरी के कारण अदालत ने माना कि धारा 326 के गम्भीर आरोप सिद्ध नहीं होते।

इसलिए न्यायालय ने आरोपियों को धारा 323 भादवि के तहत तीन व्यक्तियों से की गई मारपीट पर तीन बार दोषी पाते हुए पूर्व में बिताए एक दिन के कारावास को सजा माना तथा कुल 8,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दिनांक 12.12.2025 को हाईडलवर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड नरसिहगढ़ के सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) अन्तर्गत संचालित बाएफ एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम के तहत -ग्राम सूखा में एक दिवसीय एकीकृत पशु उत्थान कार्यक्रम एवं उन्नत कृषि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी पशुपालक बन्धुओ ने भाग लिया जिसमे पशुओं में होने वाली बिमारी एवं उनके लक्षण और उपचार के बारे में विस्तार से डॉ. बी.एल साहू (सीनियर साइंटिस्ट केवीके दमोह), डॉ. डी.के सिंह (केवीके दमोह) द्वारा सभी प्रकार के योजनओं के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच बाबूलाल पटेल सभी पशुपालक, किसान एवं मायसेम कम्पनी से जीएम माईन्स अजय खरें,अरविंद श्रीवास्तव,आलोक तिवारी, निशांत चौरसिया एचआर डिपार्मेंट एवं बाएफ संस्था के परयोजना अधिकारी गौतम प्रसाद यादव उपस्थित रहे।